Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to expedite conversion of NH-19 from four lane to six lane in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar -laid.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद): मैं सरकार का ध्यान दिल्ली से कोलकाता को जोड़ने वाले राजमार्ग (NH -19) जो मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद (बिहार) से होकर गुजरती है, की दयनीय स्थिति की ओर आकृष्ट करना चाहूँगा I इस राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति उत्तरप्रदेश के वाराणसी से बिहार और झारखंड की सीमा तक अत्यंत ही दयनीय है I प्रतिदिन घंटों जाम लगा रहता है I सड़क पर वाहनों के भारी दबाव के कारण इस चार लेन सड़क को छः लेन सड़क में परिवर्तित करने का कार्य एक दशक से जारी है किन्तु कार्य की प्रगति की स्थिति अत्यंत धीमी है I मैंने स्वयं भी दर्जनो बार संबन्धित पदाधिकारी को पत्र लिखकर बार -बार स्थिति से अवगत कराया है किन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई I इसके साथ ही इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिहार के डेहरी ऑन सोन में सोन नदी, गया जिले में कोयल नहर पुल एवं शेरघाटी (गया) के सोरहर तथा मोरहर नदियों एवं डोभी के नीलांजन नदी तथा कई अन्य छोटे -छोटे पुलों की स्थिति भी जर्जर है I

मेरी मांग है कि इस राजमार्ग को 4 से 6 लेन राजमार्ग में परिवर्तित करने के साथ – साथ उक्त नदियों पर बने पुलों को अविलंब दुरुस्त किया जाए I